उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–2
संख्या–909 / सोलह–2–2014–6(ई) / 2014
लखनऊ: दिनांक: 19 जून, 2014

नियुक्ति / विज्ञप्ति

प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ0प्र0 में प्रवक्ता रसायन के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 की संस्तुति के आधार पर राज्यपाल महोदय निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रवक्ता रसायन के पद पर वेतन बैण्ड रू0–15600–39100 ग्रेड वेतन रू0–5400 में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए उन्हें निम्नलिखित तालिका के कालम–4 में उल्लिखित संस्था में तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

क्र0 सं0	नाम / पिता का नाम सर्वश्री–	स्थाई पता	तैनाती हेतु संस्था का नाम
1	2	3	4
1.	रूचि चावला पुत्री श्री के0जे0एस0 चावला	186 / 113, कटघर मुठ्ठीगंज, इलाहाबाद, उ0प्र0–211003	राजकीय पालीटेक्निक, औराई (भदोही)
2.	प्रदीप कुमार पुत्र श्री जागेश्वरी प्रसाद	249 / ए–1, प्रीतम नगर, सुलयन सरॉय, धूमनगंज, इलाहाबाद उ0प्र0।	राजकीय पालीटेक्निक, बरगढ़ (चित्रकूट)

2– उपर्युक्त अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान के अतिरिक्त समय–समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

3– उपर्युक्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपना कार्यभार इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अवश्य ग्रहण कर लें अन्यथा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी। कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपर्युक्त अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

4– इन अधिकारियों की पारस्परिक ज्येष्ठता सुसंगत नियमावली के प्राविधानों के अनुरूप बाद में निर्धारित की जायेगी।

5– उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से संबंधित अभ्यर्थीगण 02 वर्ष के विहित परिवीक्षा पर रहेंगे।

अवधेश कुमार पाण्डेय
संयुक्त सचिव।

PTO